नोएडा मेट्रो रेल निगम ने 'एक्वा लाइन' स्टेशनों की सह-ब्रांडिंग के लिए मंगायी निविदाएं

भाषा| May 20, 2019, 09.27 PM IST

नोएडा, 20 मई (भाषा) नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने एक्वा लाइन मेट्रो के स्टेशनों के सह-ब्रांडिंग अधिकार के लिए सरकारी संगठनों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और लोक उपक्रमों से निविदाएं आमंत्रित की हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि निगम ने 11 स्टेशनों की सह-ब्रांडिंग के लिए 33 सरकारी संगठनों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और लोक उपक्रमों से निविदाएं मांगी हैं। यह स्टेशन नोएडा सेक्टर-76, सेक्टर-101, सेक्टर-81, एनसेज, सेक्टर-83, सेक्टर-143, सेक्टर-144,सेक्टर-145, सेक्टर-146, सेक्टर-147 और डिपो स्टेशन हैं।

नवभारत टाइम्स, 21/5/19

को-ब्रैंडिंग के लिए 24 को बैठक

■ प्रस, नोएडा : एनएमआरसी ने हाल ही में 5 मेट्रो स्टेशनों की को ब्रैंडिंग (स्टेशन के नाम पर कंपनी का नाम जुड़ना) के लिए टेंडर निकाला था। इसके बाद 11 मेट्रो स्टेशनों की को-ब्रैंडिंग के लिए सरकारी संस्थाओं जैसे एनटीपीसी, ओएनजीसी, बैंक समेत 33 सरकारी संस्थाओं से डायरेक्ट बिड मांगी है। साथ ही 24 मई को इस तरह की संस्थाओं के साथ मीटिंग रखी है ताकि इन 11 स्टेशनों के लिए सरकारी संस्थाओं की को ब्रैंडिंग के प्रस्ताव पर आगे काम किया जा सके। एनएमआरसी की प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताया कि इसके लिए ओपन टेंडर नहीं निकाला गया है।